# दिल्ली के सियासी रण में भाजपा दिग्गजों ने भरी हुंकार

## नड्डा, राजनाथ, गडकरी समेत प्रमुख नेताओं ने रोड शो और सभा कर पार्टी के लिए मांगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा चुनाव प्रचार दो दिनों में समाप्त होने जा रहा है। ऐसे में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों ने लगातार रैलियां और रोड शो कर प्रचार किया। इस सूची में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पश्चिमी दिल्ली के विकास पुरी विधानसभा, नई दिल्ली के मोती नगर और उत्तर पूर्व के करावल नगर में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पश्चिम दिल्ली से उम्मीदवार कमलजीत सहरावत, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज और उत्तर पूर्व से उम्मीदवार मनोज तिवारी को अपना समर्थन देते हुए उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वे चाहते हैं कि विकास की गति जारी रहे तो वे भाजपा को चुनें।

उन्होंने कहा, चूंकि केंद्र सरकार ने 16 लेन का द्वारका एक्सप्रेसवे लोगों को समर्पित किया है, इसलिए एक घंटे की यात्रा मिनटों में पूरी की जा सकती है। इसी तरह, बवाना, रोहिणी, मुंडका, नजफगढ़, द्वारका और आईजीआई एयरपोर्ट और गुरुग्राम को जोड़ने वाला यूईआर-2 एक्सप्रेसवे 7.7 हजार करोड़ की लागत से अंतिम चरण में निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास और पिछले 10 साल के रिपोर्ट कार्ड का आधार पर वोट मांग रही है। राजनाथ सिंह ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली की आरक्षित सीट से भाजपा उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया और पूर्वी दिल्ली के हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में रोड शो किया। उनके प्रचार अभियान में बड़ी संख्या में पार्टी समर्थकों ने पार्टी के झंडे लहराते हुए पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। बुद्ध विहार में रोड शो के दौरान सिंह ने कहा, योगेंद्र चंदोलिया अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं। वह लंबे समय से भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। आप यहां जिस भीड़ को देख सकते हैं, उससे यह निश्चित है कि वह भारी अंतर से जीतेंगे। उन्होंने सीएम केजरीवाल और इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा, भारत गठबंधन की ताकत लगातार कमजोर होती जा रही है। केजरीवाल सिर्फ 1 जून तक जेल से बाहर हैं। उन्होंने दिल्ली के लोगों को अपने काम से शर्मसार किया है।

दक्षिणी दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में नड्डा ने दक्षिणी दिल्ली के पालम इलाके में एक रोड शो भी किया। अपने रोड शो के दौरान बीजेपी प्रमुख ने केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, आम आदमी पार्टी के देश विरोधी ताकतों से गहरे संबंध हैं। पंजाब चुनाव में भी आरोप लगा था कि उन्हें आतंकियों से फंडिंग मिली है। हमें मोदी के पक्ष में 400 से अधिक सीटें मिलेंगी। भाजपा नेता ने पूर्वी दिल्ली से अपनी पार्टी के उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा के समर्थन में एक रोड शो भी किया। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया और मनोज तिवारी के समर्थन में शाम को एक के बाद एक तीन रोड शो किए और दावा किया कि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल कर रही है। कमलजीत सहरावत के समर्थन में एक रोड शो भी किया, जबकि रात 8:30 बजे उन्होंने बिधूड़ी के पक्ष में वोट मांगने के लिए दक्षिणी दिल्ली में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। गोवा के सीएम ने पूर्वांचल मोर्चा महासम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने लोगों से भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखने को कहा और चंदोलिया और तिवारी के लिए आशीर्वाद मांगा।



नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मोती नगर इलाके में जनसभा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व साथ में बासुरी स्वराज।



रैली में लोगों को अभिवादन स्वीकर करते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा।

### प्रधानमंत्री मोदी की रैली द्वारका में आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में अपनी दूसरी रैली बुधवार को दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में करेंगे। 25 मई को चुनाव के लिए सिर्फ दो दिन बचे हैं, पीएम मोदी अपनी पार्टी के चार उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। वह भाजपा के पश्चिमी दिल्ली की उम्मीदवार कमलजीत सहरावत, नई दिल्ली की उम्मीदवार बांसुरी स्वराज, उत्तर पश्चिम आरक्षित सीट के उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया और दक्षिणी दिल्ली के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में शाम 6:00 बजे द्वारका सेक्टर -14, वेगास मॉल के सामने डीडीए पार्क में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे।



भजनपुरा में कन्हैया के समर्थन में रैली करते केजरीवाल। फोटो: रंजन डिमरी

# लोस चुनाव के हर चरण के साथ जीत के करीब इंडिया गठबंधन: केजरीवाल

- डिजिटल प्रेसवार्ता के बाद भजनपुरा में कन्हैया के समर्थन में केजरीवाल ने की रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दिल्ली के लोगों को पाकिस्तानी कहने का आरोप लगाया और कहा कि दिल्लीवासी उनका परिवार हैं और उनके लिए अपशब्द नहीं कहे जाने चाहिए। डिजिटल प्रेसवार्ता के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तरी-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार के समर्थन में रैली की। केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के पूरा होने के साथ यह स्पष्ट होता जा रहा है कि चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की विदाई होने वाली है और इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आ रहा है। केजरीवाल ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि इंडिया गठबंधन देश को एक स्थिर सरकार देगा। उन्होंने कहा, मतदान के हर गुजरते चरण के साथ यह स्पष्ट होता जा रहा है कि मोदी सरकार जाने वाली है और इंडिया गठबंधन चार जून को सत्ता में आएगा।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित अपनी चुनावी रैलियों में उनके लिए अपशब्द कहे। केजरीवाल ने दावा किया कि अमित शाह की रैली में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 500 से कम थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वोत्तर सीमा रेलवे का 'गो-ग्रीन' मिशन

**नई दिल्ली/ मालेगांव।** भारतीय रेल की नीति के अनुरूप पूर्वोत्तर सीमा रेलवे वर्ष 2030 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए पूर्वोत्तर सीमा रेलवे सेवा भवनों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में रूफ-टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर अधिक से अधिक हरित ऊर्जा के उत्पादन के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठा रहा है। 'गो-ग्रीन' मिशन के तहत 146 स्टेशनों और अन्य सेवा भवनों में अप्रैल, 2024 तक 6747 किलो वाट पीक (केडब्ल्यूपी) उत्पन्न करने वाले सोलर रूफ टॉप पैनल लगाए जा चुके हैं, जिससे 47.05 लाख यूनिट बिजली की बचत होगी। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नागालैंड राज्य में सेवा भवन और अन्य प्रतिष्ठान रूफ टॉप पैनलों द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादन में योगदान देने वाली सूची में हैं।

### उपमहापौर ने किया जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमहापौर आले मो. इकबाल ने नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेषज्ञों के एक दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। नेत्रदान महादान को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक आई -7 साईट के सौजन्य से लोगों को जागरुक किया जाएगा। आई 7 के नेत्र रोग विशेषज्ञ व डायरेक्टर डॉ. संजय चौधरी ने बताया कि नेत्र दान को लेकर श्रीनगर में लोगों को नेत्रदान के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि महरौली से मुंबई के लिये दो चिकित्सकों को रवाना किया गया।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 31 मई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सिसोदिया की हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल नौ मार्च को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। राष्ट्रीय राजधानी की आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के दौरान सीबीआई ने पहले सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। वह दोनों मामले में फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# चाकू से गोदकर युवक की हत्या सड़क पर घंटों तड़पता रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जाफराबाद थाना क्षेत्र के मौजपुर में अज्ञात बदमाशों ने एक शख्स की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी। युवक का शव गुरुद्वारे वाली गली में पड़ा मिला। मृतक की पहचान शाहबाज(26) निवासी खड्डे वाली मस्जिद जाफराबाद के रूप में हुई है।

मृतक शादीशुदा था और पेशे से ई-रिक्शा ड्राइवर था। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान हो सके, जिस बेरहमी से शाहबाज को चाकू मारे गए हैं उससे अंदाजा लगाया जा रहा है वारदात को किसी रंजिश के चलते अंजाम दिया गया हो सकता है। खून से लथपथ शाहबाज घंटों सड़क पर तड़पता रहा, इस दौरान किसी ने भी उसकी मदद नहीं की। बताया जाता है कि मृतक शाहबाज के खिलाफ वर्ष 2019 में इक्साईज एक्ट के तहत भी केस दर्ज था। दरअसल शाहबाज के शरीर पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए थे, उसके गले और छाती पर इतने घाव थे। लूटपाट का विरोध करने पर हत्या के कारणों को भी नकारा नहीं जा सकता।

# स्वाति मालीवाल का चरित्र हनन कर रही आप : भाजपा

- सुधांशु ने बिभव पर कार्रवाई नहीं होने पर उठाये सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने के आरोपी बिभव कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय महिला नेता का ही चरित्र हनन कर रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल से पूछा कि कुमार के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई जबकि उनकी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में स्वीकार किया था कि मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। त्रिवेदी ने आरोप लगाया, एक महिला सांसद के साथ ऐसा दुर्व्यवहार इस पर कार्रवाई करने के बजाय, आप उनके चरित्र हनन में लगे हैं। त्रिवेदी ने इस मामले में भाजपा की संलिप्तता का आरोप लगाए जाने को लेकर भी केजरीवाल पर निशाना साधा और उनसे पूछा, क्या आपने इस घटना की कोई जांच कराई? अगर नहीं तो किस आधार पर आप किसी निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं।

मालीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि दिल्ली सरकार के मंत्री उनके बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने उन्हें अदालत में ले जाने की धमकी दी थी। राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के उन आरोपों का भी खंडन किया कि उन्होंने भाजपा के इशारे पर कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज है।

मालीवाल ने केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर 13 मई को उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया था, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल के सहायक कुमार को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया था।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी

# बृज भूषण के खिलाफ कोर्ट ने तय किए आरोप

- यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी ने बताया खुद को बेकसूर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और छह बार के लोकसभा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए।

बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने न्यायाधीश से कहा, जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा। अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया। मामले में अगली सुनवाई एक जून को होगी। एसीएमएम प्रियंका ने कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।अदालत ने बृज भूषण के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय किए।

न्यायाधीश ने कहा, आरोपी के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। हालांकि अदालत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में बृज भूषण को आरोपमुक्त कर दिया क्योंकि उसके दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत नहीं थे। उत्तर प्रदेश के प्रभावशाली राजपूत नेता बृज भूषण को कैसरगंज से भारतीय जनता पार्टी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया था। पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है।

### कन्हैया कुमार पर हमले का एक आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया पर हमला करने और उन पर स्याही फेंकने के मामले में युवक को मंगलवार को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी अजय को न्यू उस्मानपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। कुछ लोगों ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर 17 मई को स्याही फेंककर हमला किया था। यह घटना तब हुई थी जब कन्हैया कुमार स्थानीय पार्षद छाया शर्मा के साथ पार्टी की बैठक के बाद न्यू उस्मानपुर में आम आदमी पार्टी कार्यालय से बाहर आ रहे थे।

### आबकारी मामला: अदालत ने के. कविता के खिलाफ आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 31 मई को अपना फैसला सुना सकती है। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी के इस दावे पर संज्ञान लेने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि उसके पास कविता पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है।

# दिल्ली महापौर के चुनाव पर संशय बरकरार

- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए निगम सचिव कार्यालय नहीं भेजी गई फाइल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर करीब 11 दिन से बाहर रहने के बावजूद दिल्ली में महापौर चुनाव अब भी अधर में लटका है। इसके पहले चुनाव कराने के लिए केजरीवाल के हस्ताक्षर की प्रतीक्षा की जा रही थी।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सूत्रों ने कहा कि पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अनुमति लेने के लिए कोई फाइल अभी तक नगर निगम सचिव के कार्यालय से नहीं भेजी गई है। राजनिवास को एक नया अनुरोध भेजना होगा, जो महापौर चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल तक पहुंचने से पहले दिल्ली के मुख्य सचिव और शहरी विकास विभाग से होकर गुजरेगा। सूत्रों ने कहा, अभी तक दिल्ली के महापौर का चुनाव कराने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी लेने के लिए मौजूदा महापौर कार्यालय से कोई नया अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए एक नई फाइल एमसीडी से उपराज्यपाल कार्यालय में भेजनी होगी। एमसीडी ने उपराज्यपाल द्वारा पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति न किए जाने का हवाला देते हुए अप्रैल में महापौर चुनाव स्थगित कर दिया था। सक्सेना ने मुख्यमंत्री से जानकारी मिलने के अभाव में एक पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में थे। उच्चतम न्यायालय ने नौ मई को केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के लिए सशर्त 21 दिन की अंतरिम जमानत प्रदान की थी।

सात चरण का मतदान समाप्त होने के एक दिन बाद दो जून को उन्हें जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। जमानत शर्तों के अनुसार, मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत अवधि के दौरान अत्यावश्यक मामले में किसी आधिकारिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी लेनी होगी। उन्हें अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय में जाने से भी रोक दिया गया है।

राज निवास के सूत्रों ने कहा कि उपराज्यपाल के कार्यालय को एमसीडी के महापौर चुनाव के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई नया अनुरोध नहीं प्राप्त हुआ है। फिलहाल महापौर शैली ओबेरॉय और उपमहापौर आले मुहम्मद इकबाल नए महापौर और उपमहापौर के चुने जाने तक अपने-अपने पद पर बने रहेंगे।



# ग्लोबल वैश्य फेडरेशन ने व्यापारियों के सामाजिक सुरक्षा की मांग उठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

चेयरमैन, ग्लोबल वैश्य फेडरेशन वरिष्ठ भाजपा नेता व यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने पिछले कई वर्षों से व्यापारियों व पेशेवरों द्वारा उठाई जा रही सोशल सिक्योरिटी की मांग को कांस्टिट्यूशनल क्लाब में पुरजोर तरीके से आवाज उठाई।

जय भगवान गोयल ने कहा देश के खजाने को भरने वालों पर कभी भी सरकार द्वारा ध्यान ही नहीं दिया गया। ग्लोबल वैश्य फेडरेशन व्यापारियों की सोशल सिक्योरिटी की मांग सरकार तक विचार गोष्ठी के माध्यम से पहुंचाएगी। इस गोष्ठी में व्यापारी वर्ग के साथ-साथ सीए व अन्य पेशेवर मौजूद रहे। विचार गोष्ठी में 2024 के चुनाव में मोदी जी को 400 पार के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व नई दिल्ली क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज को भारी मतों से जीत दिलवाने का आश्वासन राज्यसभा सांसद नरेश बंसल जी को दिया। विचार गोष्ठी में वरिष्ठ सीए वीडी अग्रवाल, सीए आरके गौड़ के अलावा धर्मपाल सिंघला, रविन्द्र गर्ग, अनिल मित्तल, योगेन्द्र अग्रवाल, सीए जीएल अग्रवाल, सीए सुरेश गोयल, धर्मवीर गोयल, मृदुल खेमका, सतीश राम कुमार गोयल, सीए राजेश्वर पेन्यूली, सीए सतीश जिंदल, रवि भाटिया, ईश्वर चौधरी, रत्न लाल गर्ग, संजय शर्मा, अनिल अग्रवाल, सतीश कुमार जैन, वासुदेव गर्ग, अवनीश अग्रवाल, डीपी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




ONE STOP
SOLUTION FOR ALL YOUR
ADVERTISEMENT NEEDS

PLEASE CONTACT OUR REPRESENTATIVES

CLASSIFIEDS/ CLASSIFIEDS DISPLAY

| | |
|---|---|
| EAST / GHAZIABAD | 87705025760 |
| WEST | 9211490069 |
| NORTH | 9818737813, 8700517432 |
| SOUTH | 9868703968 |
| TENDER/ PUBLIC NOTICES [HOTELS, HOSPITALS, EDUCATION] | DISPLAY SHOPPING MALL |
| 9910920100 | 9867575933 |
| FINANCIALS/BUSINESS | DIGITAL |
| 9891041159 | 9811323483 |

